हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 1 मई 2025

06 भगवान परशुराम जयंती पर नगर में ...

10 भगवान परशुराम जी के प्रकटोत्सव पर जिलेभर...





शोभायात्रा में भगवान परशुराम की प्रतिमा को भी शामिल किया गया।

## भगवान परशुराम के जयकारों के साथ ब्राह्मण समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

परशुराम जयंती के अवसर पर पेढ़ी चौराह स्थित परशुराम चौक से भव्य शोभयात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ जन और ब्राह्मण संत शामिल हुए। पेढ़ी चौराह से होते हुए शोभायात्रा बड़ा बाजार, तिलक चौक, होते हुए माधवगंज पहुंची।

वहीं परशुराम जयंती के अवसर पर युवा ब्राह्मण विकास परिषद ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर रखा। शिविर में लोगों ने उत्साह से रक्तदान किया। कार्यक्रम में पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि भी दी गई। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि मरीजों की जरूरतों को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवा ब्राह्मण विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है। ये केवल दान नहीं, बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है। एकत्रित किया गया रक्त गरीब और जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा और एकता का संदेश जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा और पदाधिकारी मौजूद रहे।



विदिशा। शोभायात्रा में रथ पर सवार होकर निकले ब्राह्मण समाज के संत, महंत। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की प्रतिमा भी शामिल की गई।

## सौतेले पिता पर छेड़छाड़ का आरोप, मामला दर्ज

### बाल विवाह रोकने गई थी टीम, काउंसलिंग के दौरान बेटियों ने छेड़छाड़ की बात बताई


विदिशा। दोनों बेटियों से चर्चा करते हुए जिला प्रभारी दीपा शर्मा सहित टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

चकसुमेर गांव में दो नाबालिग बहनों के बाल विवाह की सूचना पर कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन की टीम पहुंची। काउंसलिंग के दौरान बहनों ने सौतेले पिता पर शारीरिक छेड़छाड़ का आरोप लगाया।

फाउंडेशन की जिला प्रभारी दीपा शर्मा के नेतृत्व में टीम मौके पर गई थी। दोनों बालिकाओं ने बताया कि हमारा पिता हमारे साथ कई बार अनुचित व्यवहार करने की कोशिश कर चुके हैं। अब पुलिस आरोपी पिता की तलाश कर रही है।

### ग्यारसपुर थाने में दर्ज की गई एफआईआर

14 और 16 साल की बहनों ने काउंसलिंग के दौरान सौतेले पिता के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। ग्यारसपुर थाने में आरोपी सौतेले पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। दोनों नाबालिग बहनों को विदिशा के वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। बहनों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा।

### आठ घंटे इंतजार के बाद गई एफआईआर

जिला प्रभारी और आंगनबाड़ी सुपरवाइजर एवं कार्यकर्ता दोनों बच्चियों को लेकर ग्यारसपुर थाने पहुंचीं। 8 घंटे के इंतजार के बाद रात 10 बजे सौतेले पिता पर यौन शोषण के आरोपों के तहत केस दर्ज किया गया। जब तक आरोपी को भगाने का पूरा मौका मिल गया और आरोपी पुलिस के हाथों से काफी दूर निकल गया। अब पुलिस आरोपी को ढूंढने का प्रयास कर रही है।

## खबर संक्षेप

### अभियान: बिछिया गांव के तालाब में श्रमदान

**विदिशा।** प्रदेश व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विदिशा जिले में जल स्त्रोतों को संवारने का कार्य सतत जारी है जिला प्रशासन द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में ग्राम बिछिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भागढ़ तालाब में श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित संस्था का पूर्ण सेवा समिति के अध्यक्ष बाबूलाल धाकड़ एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष प्रकाश मीणा, हिम्मत सिंह रघुवंशी, बृजेश कुशवाहा, संजीव कुशवाहा, पूरन सिंह मीणा आदि ने तालाब पर श्रमदान किया।

### मुख्यमंत्री ने किसान सम्माननिधि जारी की

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त राशि आज धार जिले के उमरबन में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से अंतरित की। विदिशा एनआईसी व्हीसी कक्ष में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टण्डन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा, जनपद पंचायत के अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने हितग्राहियों को हितलाभ के प्रमाण पत्र प्रदाय किए है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विदिशा जिले के हितग्राहियों के बैंक खातो में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि जारी की है। योजना के अंतर्गत अनुगृह सहायता राशि विदिशा जिले के छह सौ हितग्राहियों को 13.55 करोड़ डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की गई है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से विदिशा जिले के कुल 228663 कृषकों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त (योजना की 12वीं किश्त) के रुप में लगभग 45.73 करोड रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खातो में जमा हुई है।

### आयोजन: जिलेभर में आठ स्थानों पर एक साथ हुए सामूहिक विवाह

# 1242 का विवाह, 255 जोड़ों का निकाह हुआ, सबको मिला 49 हजार का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को जिले के आठ स्थनों पर एक साथ सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रमों में 1242 जोड़ो का विवाह और 255 जोड़ो का निकाह हुआ है। जिले में 1497 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे।


विदिशा। कतार में लगकर दूल्हा दुल्हन ने लिए विवाह योजना के चेक।


विदिशा। पूरे रीति रिवाज के साथ अधिकारियों की मौजूदगी में हुए विवाह।

### सभी जोड़ों को 49 हजार का चेक मिला

प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। साथ ही प्रत्येक जोड़े को 49,000 रुपए का चेक प्रदान किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में इस दिन 10,000 से अधिक विवाह आयोजित किए जा रहे हैं। अकेले विदिशा जिले में 1,500 से अधिक विवाह हो रहे हैं।

जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने गुलाबगंज के गूलरखेड़ी में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह सामूहिक सम्मेलन में नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता के सर्वांगीण विकास के लिए जो योजनाएं और कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उनका अन्य राज्यों द्वारा अनुपालन किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना का विशेष तौर पर उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि पहले मां-बाप अपनी बिटिया की शादी कर्ज लेकर कर पाते थे पर अब राज्य सरकार ने इस कर्ज से मुक्ति दिलाने का कार्य योजनाओं के माध्यम से किया है। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश का हर नागरिक तरक्की करे ऐसे चैतरफा विकास मुखी योजनाओं व कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री लखन पटेल, विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम में नव वर-वधुओं को मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाय योजना के तहत 49 हजार रुपए की सहायता राशि के चेक भेंट किए। जिले के अन्य स्थानों पर भी सामूहिक विवाह हुए। जिसमें पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भी जिम्मेदारी निभाई।

**कहां कितने जोड़ों का विवाह, निकाह**

विदिशा जनपद पंचायत व नगरपालिका अंतर्गत 165 जोड़ों में 153 का विवाह व 12 निकाह, बासौदा जनपद व निकाय में कुल 227 जोडो में 200 का विवाह व 27 का निकाह, ग्यारसपुर में 166 में से 156 का विवाह व 10 निकाह, कुरवाई में 136 में से 99 का विवाह व 37 का निकाह, सिरोंज में 355 में से 251 का विवाह व 104 का निकाह, लटेरी में 231 में से 201 का विवाह और 30 का निकाह, डंगरबाडा नटेरन में 150 में से 115 विवाह व 35 का निकाह जबकि खैरखेड़ी जनपद पंचायत नटेरन में 67 जोड़ों का विवाह हुआ है। विवाह आयोजन स्थलों पर जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और वर वधु के रिश्तेदार मौजूद रहे।

## एफआईआर तो दूर... जांच कराने तक तैयार नहीं ग्यारसपुर टीआई

### ग्यारसपुर बीएमओ टीएस मीणा के खिलाफ महिला स्वास्थ्य कर्मी ने आवेदन देकर की है कार्रवाई की मांग, जांच में टालमटोल कर रहीं टीआई सीमा राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्यारसपुर के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर टीएस मीणा के ऑडियो वायरल मामले में ग्यारसपुर टीआई सीमा राय रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर मामले की जांच कराने भी तैयार नहीं हैं।

महिला स्वास्थ्य कर्मचारी बीसीएम रीता सक्सेना ने जब उन्हे एफआईआर दर्ज करने आवेदन दिया तो पहले तो टीआई ने बीएमओ के पक्ष में बात करते हुए यह कहकर बीसीएम को चलता कर दिया कि शिकायत करोगी तो परेशान रहोगी। आपस में मामला निपटा लो। बीसीएम रीता सक्सेना ने 20 अप्रैल को फिर से दर्जनों स्वास्थ्य कर्मचारियों की हस्ताक्षर के साथ शिकायती आवेदन दिया। टीआई ने आवेदन तो ले लिया, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। करीब 8 दिन बीतने के बाद जब बीसीएम रीता सक्सेना ने टीआई से यह जानने का प्रयास किया कि उनके आवेदन पर क्या कार्रवाई हुई तो टीआई भड़कीं।

### कार्रवाई के संबंध में पूछा तो टीआई भड़कीं

टीआई ने बीसीएम से कहा कि जांच करने के लिए मेरे पास स्टाफ नहीं है। निरीक्षक छुट्टी पर गए हैं। जब आएंगे तो जांच करा लूंगी। कोई कार्रवाई न होने पर बीसीएम रीता सक्सेना ने एसपी रोहित काशवानी के नाम आवेदन देकर वायरल ऑडियो की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। स्थानीय स्तर पर सभी अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी किसी को कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले में कमिशनर तक शिकायत की जा चुकी हैं और बीसीएम महिला आयोग और मानवाधिकार आयोग में जाने की तैयारी कर रहीं हैं।

### निष्पक्ष होगी जांच

इस मामले की जानकारी लेता हूं कि ग्यारसपुर थाना प्रभारी ने क्या कार्रवाई की है। यदि अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने के आदेश दिए जाएंगे।
- **रोहित काशवानी,** एसपी विदिशा।

## विदेश में नौकरी के नाम पर होती है सायबर गुलामी लोगों को सतर्क करने पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदेश में नौकरी के नाम पर सायबर गुलामी के संबंध में पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है।

राज्य सायबर पुलिस मुख्याल भोपाल द्वारा हाल ही में जारी एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी के अनुसार विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर भारतीय युवाओं को धोखे से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में ले जाकर जबरन अवैध सायबर गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है। जिसे सायबर गुलामीका नाम दिया गया है। इस संदर्भ में एसपी रोहित काशवानी द्वारा जिले में सायबर सेल के माध्यम से एडवाइजरी जारी की है। जिससे नागरिकों विशेषकर युवाओं को इस नई किस्म की सायबर ठगी से सतर्क किया जा सके। सायबर माफिया सोशल मीडिया व जॉब साइट्स पर सक्रिय युवाओं के बायोडाटा को स्कैन कर उन्हें टारगेट करते हैं।

वाट्सऐप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि प्लेटफॉर्म्स से जुड़कर उन्हें आकर्षक वेतन व सुविधाएं देने का झांसा देकर थाईलैंड, म्यांमार जैसे देशों में बुलाया जाता है। पहुंचने पर उनके पासपोर्ट व संचार साधन जप्त कर लिए जाते हैं और हिंसा की धमकी देकर उनसे नकली सोशल मीडिया अकाउंट्स, फर्जी निवेश योजनाओं व डिजिटल धोखाधड़ी जैसे कार्य कराए जाते हैं। विरोध करने या लक्ष्य पूरा न करने पर शारीरिक यातनाएं दी जाती हैं और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी जाती है। एसपी रोहित काशवानी ने नागरिकों से अपील की है कि विदेशी नौकरी के प्रस्ताव को बिना जांचे स्वीकार न करें।

### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन शुरू

**कुरवाई।** साहू समाज द्वारा साहू समाज मंदिर मे भगवान राम दरबार एवं भक्ति शिरोमणि मां कर्मा देवी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विधायक हरि सिंह सप्रे, एडवोकेट राजमल जैन सीताराम सैनी राकेश सूर्यवंशी डॉक्टर सुधाकर होने एडवोकेट बैजनाथ शामिल हुए। डेढ़ किलोमीटर दूरी चल समारोह ने 3 घंटे में पुरी की उसके उपरांत विद्वान पंडितो वैदिक मंत्रों के साथ मुख्य यजमान एवं अन्य यजमान सहित से पूजा अर्चना कराकर अब प्रतिदिन 6 तारीख तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे एवं प्राण प्रतिष्ठा होगी।

*इस दिन भगवान ने किया था अपने कठोर उपवास का समापन*

## जैन समाज ने मनाया भगवान आदिनाथ का महा पारणा दिवस, अक्षय तृतीया पर श्रद्धालुओं को बांटा गन्ने का रस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जैन समाज ने अक्षय तृतीया के पावन पर्व को दान दिवस के रूप में मनाया। बुधवार को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी के महा पारणा दिवस पर मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए गए। जैन मंदिरों में अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन हुआ। खरीफाटक रोड स्थित आदिनाथ जिनालय में पूजन-पाठ के बाद श्रद्धालुओं को गन्ने का रस वितरित किया गया।



### गन्ने के रस का वितरण

जैन श्रद्धालुओं ने बताया कि भगवान आदिनाथ स्वामी की छह माह की कठोर तपस्या के बाद हस्तिनापुर के राजा श्रेयांश और राजा सोम ने उन्हें प्रथम आहार के रूप में गन्ने का रस अर्पित किया। इसी की याद में आज जैन मंदिरों के बाहर लोगों को गन्ने का रस बांटा गया। इस अवसर पर जैन श्रद्धालुओं ने अपने घरों में आदिनाथ चालीसा, णमोकार महामंत्र और भक्तामर स्त्रोत का पाठ किया। जैन धर्म में अक्षय तृतीया को विशेष महत्व दिया जाता है, क्योंकि यह दिन भगवान आदिनाथ के पारणा से जुड़ा हुआ है, जिस दिन उन्होंने अपना कठोर उपवास समाप्त किया था।

### गायन, वादन, नृत्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं कराई गईं

नाटकों का मंचन भी किया गया

## परशुराम जयंती पर ब्राह्मण मैत्री द्वारा व्यापार मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल की महिलाओं द्वारा जालोरी गार्डन में विभिन्न व्यापारिक स्टॉल एवं प्रतियोगिताओं के साथ नाटकों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम दौरान मुख्य रूप से तीन नाटक अंधेर नगरी, गाथा कुपित याज्ञसैनी, एकल हास्य नाटक (सास बहू ) का मंचन किया गया। गाथा कुपित यह सैनी का जब मंचन मंच पर हुआ इतने जीवंत प्रस्तुति में जब गौरव, पांडवों एवं धृतराष्ट्र सहित भरी सभा में द्रौपदी का अपमान और द्रौपदी द्वारा शब्दों कह गए वचनों को सुनकर हाल में बैठे सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम में हस्तशिल्प प्रदर्शनी का रैंप वॉक साथ ही गायन प्रतियोगिता, वादन प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, और वर्तमान युग में संस्कारों के साथ जीवन शैली पर कार्यशाला एवं प्रश्न मंच का आयोजन हुआ। इसके अतिरिक्त खेल एवं शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार ही कार्यक्रम में व्यापार मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं द्वारा साड़ी, सूट, ज्वेलरी, हैंडलूम, बड़ी, पापड़, गृह निर्मित तेल, पर्स, बैग, हैंड मेड ज्वेलरी, सजावटी सामान, पर्यावरण अनुकूल हर्बल साबुन डिटर्जेंट एवं स्वादिष्ट व्यंजन के भी स्टाल लगाए गए। समस्त ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल द्वारा इस कार्यक्रम को मूर्तरूप देने के लिए पूरे आयोजन के लिए विभिन्न समितियां बनाई गई। इस दौरान मैत्री मंडल की संयोजक ऋतु देवलिया मुख्य अतिथि रेनू नायक, डॉ कमल चतुर्वेदी, कंचन शर्मा, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, पूनम भार्गव, सुषमा बिरथरे, शशि सिलाकारी, संध्या सिलाकारी, रेखा दुबे, अंजू कटारे, सुषमा पाठक, रागिनी शर्मा, नंदिनी शर्मा, सीमा दुबे, मंजू द्विवेदी, उर्मिला उपाध्याय, शशि चौबे, पूर्णिमा बिल्थरिया, श्वेता देवलिया, शैलजा कटारे, ज्योति शर्मा, कल्पना भार्गव, अनामिका आचार्य, शीला शर्मा, सुविधा चतुर्वेदी आदि मौजूद रहीं।



## खबर संक्षेप

### आगजनी से लाखों रुपए का नुकसान



**त्योंदा।** गत दिवस सुबह के समय नई बस स्टैंड पर तीन दुकानों में आग लग गई। आग से करीब 6 लाख रुपए का नुकसान हुआ। घटना उस वक्त हुई जब लोग सुबह की सैर पर निकले थे। उन्होंने दुकानों से धुआं उठते देखा। तुरंत पुलिस और दुकानदारों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदार भी मौके पर पहुंचे। दुकानों के पास बारदाना रखा था। इससे आग तेजी से फैल गई। आगजनी में सोहेल खां, कमलेश और गणेश राम की दुकाने जलकर राख हो गई, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत के उपसरपंच पवन जैन और ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की। इसी दौरान थाना प्रभारी की सूचना पर फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई।

### न्यायालय ने दिए संपत्ति कुर्की के निर्देश

**गंजबासौदा।** सिटी थाना के एक प्रकरण में धारा 109, 296, 115(2), 351(3), 117(2), 3(5) बीएनएस में आरोपी वारण्टी प्रेमसिंह रघुवंशी उम्र 50 वर्ष निवासी फरीदपुर डायला हाल स्वरुपनगर लाल पठार फरार चल रहा है। जिसकी न्यायालय में पेशी पर उपस्थित हेतु 29 अप्रैल नियत की गई थी। आरोपी 29 अप्रैल को न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। जिस पर न्यायालय के आदेश अनुसार आरोपी की चल-अचल संपत्ति की कुर्की की जाऐगी।

### कन्या मंडी में लगेगा समर कैंप

**गंजबासौदा।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय विद्यालयों में 1 मई से 20 मई तक समर कैंप आयोजित किया जाना है। इसी के तहत शासकीय कन्या मंडी शाला में भी समर कैंप सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें अंग्रेजी भाषा, आत्म अभिव्यक्ति, आत्म जागरूकता, रचनात्मकता, संगीत, नृत्य, संप्रेषण क्षमता, स्थानीय एवं सामाजिक मुद्दे, डिजिटल वित्तीय साक्षरता, स्थानीय शिल्प, नागरिक अधिकार, सांस्कृतिक धरोहर आदि की जानकारी दी जाएगी। समर कैंप दो वर्गों में संचालित होगा। जिसमें प्रथम वर्ग में कक्षा 3 से 8 तक, दूसरे वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। विद्यालय प्राचार्य ने सभी छात्राओं से अपील की है कि वे समर कैंप में सम्मिलित होने के लिए अपना पंजीयन विद्यालय में आकर कराएं।

### आए 10 आवेदन

**गंजबासौदा।** पटवारी सभागृह में आयोजित जनसुनवाई में अंचल से 10 लोगों ने समस्या समाधान के लिए आवेदन दिए।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 224 जोड़े बंधे विवाह बंधन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन में 227 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और निकाह की रस्मों के साथ हुआ।

कंजना पठार स्थित नवीन मंडी परिसर में आयोजित इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विवाह एवं निकाह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को शासन द्वारा आर्थिक सहायता के चैक प्रदान किए गए। नवीन मंडी स्थित कंजना पठार पर आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना में जनपद पंचायत बासौदा से 186 जोड़े और नगर पालिका से 39 जोड़े शामिल हुए। जिसमें कुल 224 जोड़ों का विवाह एवं निकाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इनमें से 196 हिन्दु जोडों का विवाह पंडित रामभरोसे बबेले ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया। जबकि 27 मुस्लिम जोडों का निकाह काजी इख्तेदार अली ने संपन्न कराया। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश जादौन, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, एसडीएम विजय राय, जनपद सीईओ तपस्या जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, जनपद स्टाफ एवं वर-वधु सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोडों को आशीर्वाद के साथ सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। उधर निकाह विवाह सम्मलेन में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत डॉक्टर प्रवेश श्रीवास्तव, श्याम निगम, निरंजन सिंह रघुवंशी, निधि शर्मा, अरुण तिवारी मौजूद रहे।







### जयंती के उपलक्ष्य में चार दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन

# भगवान परशुराम जयंती पर नगर में निकाला भव्य चल समारोह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय आयोजन का बुधवार को विशाल एवं भव्य चल समारोह के साथ समापन हो गया। बुधवार की दोपहर बाद सिरोंज चौराहा स्थित नौलखी धर्मशाला से निकले चल समारोह का जगह जगह स्वागत किया गया। चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बैदनखेडी स्थित ब्राह्मण समाज धर्मशाला परशुराम भवन पहुंचा। जहां उसका समापन किया गया और प्रसादी वितरित की गई। यहां उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भगवान परशुराम जन्मोत्सव को ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया था। इसके तहत उपनयन संस्कार, माता रेणुका पूजन, वाहन रैली, भगवान परशुराम द्वार एवं भगवान परशुराम भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके बाद बुधवार को सुबह भगवान परशुराम की विशेष पूजन अर्चन के बाद शाम को भव्य चल समारोह निकाला गया। नौलखी धर्मशाला में भगवान की विशेष पूजन अर्चन के बाद भव्य चल समारोह का शुभारंभ किया गया। चल समारोह में सबसे आगे अश्वारूढ हाथों में धर्म ध्वज लिए चल रहे थे। वहीं उनके पीछे विप्र बंधु साफा बांधकर शामिल थे।

चल समारोह में अखाडे के युवाओं द्वारा एक से बढकर एक करतब दिखाए जा रहे थे। वहीं एक खुले मंच पर बाहर से आए कलाकारों द्वारा एक से बढकर एक प्रस्तुतियां दी जा रही थीं। चल समारोह में समाज की महिलाएं, युवतियां भी बडी संख्या में पीत वस्त्र धारण किए शामिल रहीं। चल समारोह में भगवान परशुराम की विशाल एवं भव्य प्रतिमा भी आकर्षण का केन्द्र रही। जबकि भगवान परशुराम का वेश धारण किए एक युवा भी एक रथ पर सवार होकर चल समारोह की शोभा बढा रहा था। चल समारोह के दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भगवान परशुराम की आरती उतारकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। साथ ही ये जनप्रतिनिधि चल समारोह में भी शामिल रहे। वहीं आयुष जैन टिल्लू, सोनू जैन ने आइस्क्रीम एवं पानी पाउच वितरित कर स्वागत किया। चल समारोह सिरोंज चौराहे से सावरकर चौक, हनुमान चौक, जयस्तंभ चौक, बरेठ रोड, भगवान परशुराम द्वार से भगवान परशुराम मार्ग और महाराणा प्रताप चौक होते हुए समाज की धर्मशाला पहुंचा। जहां विधिवत समापन और प्रसादी वितरण हुआ। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा सहित बडी संख्या में नगर एवं आसपास के क्षेत्र से आए विप्रजन मौजूद रहे।

# विहिप के जिला कार्यालय अशोक भवन का का हुआ लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बालाजी नगर सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के पास स्थित विश्व हिन्दू परिषद के नव निर्मित जिला कार्यालय अशोक भवन का लोकार्पण बुधवार को सुबह के समय कन्या पूजन, शिलापट्ट अवलोकन के साथ किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि महान हुतात्मा अशोक सिंघल के नाम पर बना यह कार्यालय सेवा और संस्कारों का केंद्र बनेगा। कार्यालय में आगामी समय में सामाजिक, धार्मिक गतिविधियां संचालित होंगी, जिसका लाभ हिन्दू समाज को मिलेगा, ऐसी सभी की शुभकामनाएं हैं। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहरदास महाराज ने कहा कि स्व. अशोक सिंघल राम जन्मभूमि आंदोलन के पुरोधा रहे हैं। उनके समय में आंदोलन ने गति पकड़ी थी और उन्हीं की रणनीति का परिणाम है कि आज अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व केंद्रीय सह मंत्री राजेश तिवारी ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद का यह भवन निश्चित रूप से समाज जागरण का केंद्र बनेगा हिंदुत्व की विचारधारा प्रवल होगी। प्रांत मंत्री राजेश जैन ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यालय के निमित्त पूर्व केंद्रीय सह मंत्री राजेश तिवारी ने अपनी स्व मां प्रेमवती तिवारी की पुण्य स्मृति में भूमि दान स्वरूप दी है। इस अवसर पर गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी, क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र पंवार, प्रांताध्यक्ष के.एल शर्मा, प्रांत समरसता प्रमुख सुनील यादव, जिलाध्यक्ष संदीप नेमा मंचासीन थे। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह ठाकुर, विभाग मंत्री दौलत लौंगवानी, पंडित राम भरोसे बवेले सहित भोपाल विदिशा एवं विकासखंड के ग्रामीण एवं शहरी कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अभिषेक शर्मा ने किया तथा आभार विभाग विशेष संपर्क प्रमुख नितिन सक्सेना ने माना। वहीं केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे का नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव,सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, विहिप के सुनील यादव, संजू यादव, योगेन्द्र समैया, मुकेश सेन, हिमांशु यादव, कन्नू यादव ने स्मृति चिन्ह एवं कारसेवकों की जेल यात्रा पर आधारित पुस्तक भेंट कर स्वागत किया।

### नाबालिग के साथ बलात्संग करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा एवं 9000 रूपए अर्थदण्ड



**गंज बासौदा।** न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ बलात्संग करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा एवं 9000 रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, एसपीओ दिनेश कुमार असैया द्वारा बताया गया कि प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनुराग द्विवेदी बासौदा के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं पॉक्सो न्यायालय बासौदा ने मंगलवार को अपने निर्णय में आरोपी को 20 साल की सजा और 9000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में अभियोक्त्री ने शहर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह रात में छत के उपर अपनी छोटी बहन के साथ सो रही थी। तभी अभियुक्तगण आए और उसका कपडे से मुंह बंद कर गांव में स्थित खेत पर ले गए। जहां अभियोक्त्री के साथ अभियुक्त ने जबरदस्ती बलात्संग गलत काम किया। घटना के समय अभियोक्त्री के माता-पिता काम के सिलसिले में खुरई गए हुए थे। अभियोक्त्री ने सारी घटना अपनी पास वाली भाभी को बताई। फिर दूसरे दिन माता-पिता के वापस आने पर उनको सारी घटना बताई। तब अभियोक्त्री के माता-पिता अभियोक्त्री को थाने लेकर उपस्थित हुए। जिस पर पुलिस ने धारा 363, 366, 450, 376डी भादवि एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज किया था। अनुसंधान उपरांत न्यायालय में शहर बासौदा पुलिस द्वारा चालान पेश किया गया था। न्यायालय में विचारण के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन कथन व अन्य साक्षीगणों के कथन कराए गए। प्रकरण में अभियोक्त्री के पास की भाभी पक्षद्रोही हुई थी। उपलब्ध साक्ष्य तथा एडीपीओ दिनेश असैया के तर्क से सहमत होकर, अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 303, 366, 450 भादंवि में 05-05 वर्ष की सजा एवं 376डी भादवि में 20 वर्ष की सश्रम कारावा की सजा एवं 9000 रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। प्रकरण के शीघ्र निराकरण हेतु आरक्षक रीतेश तिवारी एवं आरक्षक सुरेन्द्र रावत द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

### एसोसियेशन ने माना मुख्यमंत्री यादव का आभार

**गंजबासौदा।** आल प्रगतिशील पेन्शनर्स एसोसियेसन के प्रान्ताध्यक्ष सुधीर दुबे ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कि 21 वर्ष बाद प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्रीय तिथि एवं दर से 5 प्रतिशत मंहगाई भत्ता मिला है। जिसके लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव आभार माना। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री की यही उदारता पेन्शनर्स के मामले में बरतेंगे और म.प्र. के पेन्शनर्स को भी केन्द्रीय तिथि और दर से मंहगाई भत्ता मिलेगा। इस मौके पर जगदीप सिंह राजपूत, राजकुमार पारासर, कैलाश नामदेव, रविशंकर लोहिया आदि ने मुख्यमंत्री का आभार माना।

### जीरो डोज टीकाकरण अभियान को मिलेगा बल

# धर्मगुरुओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस विकासखंड में UNICEF के सहयोग से मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन इंदौर द्वारा एक दिवसीय धर्मगुरुओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक नेतृत्व को स्वास्थ्य अभियान से जोड़ते हुए समुदाय में टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रमेंद्र तिवारी ने जीरो डोज की परिभाषा, महत्व और लक्ष्य समूह की जानकारी देते हुए बताया कि अब भी कई बच्चे ऐसे हैं जो किसी भी प्रकार का टीका नहीं लगवा पाए हैं। धर्मगुरुओं ने इस पहल का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि वे अपने-अपने समुदायों में लोगों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस प्रयास को सर्व समावेशी और प्रभावशाली बनाया। सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने प्रवचनों, सभाओं और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से टीकाकरण संदेश को जन-जन तक पहुँचाएंगे। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि इस साझेदारी से जीरो डोज बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी। उक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक ममता राठौर, स्वास्थ्य विभाग से ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर मधु रामपुरी, MPVHA जिला समन्वयक मनोहर मालवीय, ब्लॉक समन्वयक अमित शर्मा, देवेंद्र साहू, जगदीश प्रसाद साहू, रामचरण कुशवाहा राजेंद्र सिंह रघुवंशी, आकाश प्रजापति, चंचल तामेश्वरी, रामकृष्ण कुशवाहा, बबलू विश्वकर्मा, मदन बाबू कुशवाहा, अक्षय शर्मा, महेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

### आरोपी को पकड़ा



**गंजबासौदा।** देहात थाना पुलिस ने गत रात्रि गश्त के दौरान अंशु उर्फ आशीष शर्मा उम्र 34 साल निवासी पठार मोहल्ला राजेन्द्र नगर संदिग्घ अवस्था में सरकारी अस्पताल के पीछे पुराना मेला ग्राउण्ड में एचएफ डीलक्स मोटर साईकिल के पास खड़ा हुआ था। जिसको घेराबंदी कर पकड़ा जिसकी तलाशी लेने पर खटकेदार चाकू मिला जिसको जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी पूर्व से थाना के सूचीबद्ध गुण्डा लिस्ट में शामिल है आरोपी के विरुद्ध मारपीट हत्या, हत्या के प्रयास आदि के दर्जनभर से ज्यादा मामले दर्ज हैं एवं न्यायालय में विचाराधीन हैं। आरोपी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

# देहात थाना पुलिस ने 2 घंटे में पकड़े लूट के आरोपी



**गंजबासौदा।** फरियादी किसान राहुल दांगी निवासी खामखेड़ा थाना त्योंदा द्वारा मंगलवार को देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह गेहूं की फसल कृषि उपज मण्डी में बेंचने पर मिले 12770 रुपये काले रंग के पर्स में रखकर रेल्वे स्टेशन की ओर पहुँचे। जहाँ से पचमा चौराहे के लिये एक नीले रंग के इलेक्ट्रिक ऑटो में अनाज की खाली बोरी लेकर बैठ गया। जैसे ही पचमा कलारी के पास पहुँचे ऑटो चालक ने अपना ऑटो डीपी वाली गली सुनसान जगह में मोड़ दिया और हाथ पीछे पकड़कर जेब में रखा काले रंग का पर्स जिसमें 12770 रुपये रखे थे ऑटोचालक व उसका साथी लूटकर ले गये। जिसकी शिकायत देहात थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों को 2 घण्टे में पकड लिया। जिसमें एक आरोपी बालिग एवं दूसरा विधि विरुद्ध बालक को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने धारा 309(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी नंदकिशोर उर्फ कल्ला वंशकार उम्र 21 साल निवासी राजेन्द्र नगर तथा विधि विरुद्ध बालक से 12770 रुपये नगदी एवं एक नीले रंग का इलेक्ट्रिक ऑटो कुल कीमती 2,12,770 रुपये का मसरूका जब्त किया है।

म.प्र. शासन एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मान्यता प्राप्त
श्रीमती रतनबाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंजबासौदा
नर्सरी से कक्षा 12
इंग्लिश एवं हिन्दी माध्यम
PROPEL
Smart Classroom
प्रवेश प्रारंभ
कक्षा 11 एवं 12 अंग्रेजी माध्यम
आर्ट्स, मैथ्स, सांइस
स्मार्ट लर्निंग से अपने बच्चे की असली क्षमता को उजागर करें।
सिरोंज रोड, पेट्रोल पंप के पास, गंजबासौदा, जिला विदिशा (म.प्र)
Phone : 07594-220401 E-mail : smtratanbaijainschool@yahoo.in

## खबर संक्षेप

### गेहूं उपार्जन 5 तक होगा

**सागर।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। कृषकों से समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन की अवधि 15/03/2025 से 05/05/2025 तक निर्धारित की गई थी। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि गेहूँ उपार्जन हेतु जिले में आज दिनांक तक 176 केन्द्रों पर 44,533 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये है जिसमें से 31,971 किसानों द्वारा 2,62,914 मी.टन गेहूँ का विक्रय किया गया है एवं 14,172 किसानों को 307.64 करोड़ रूपये का सफलतापूर्वक भुगतान किसानों को प्राप्त हो गया है एवं भुगतान प्रक्रिया निरंतर जारी है। समस्त किसानों को सूचित किया जाता है कि 5 मई तक गेहूँ खरीदी की जायेगी। किसान बंधुओं से अनुरोध है कि समय-सीमा में गेहूँ का विक्रय करें।

### जिले की सभी संकुल स्तरीय फेडरेशन की बैठक संपन्न

**सागर।** जिले में आजीविका मिशन के अंतर्गत संकुल स्तरीय फेडरेशन गठित किए गए हैं। आमतौर पर 30 से 45 गांव के बीच में गठित महिला समूहों के उच्च स्तरीय संगठन संकुल स्तरीय संगठन कार्य करता है बंडा विकासखंड में चार बिना विकास खंड में तीन, देवरी विकासखंड में चार, जैसीनगर में पांच, केसली में पांच, खुरई में चार, मालथौन में पांच, राहतगढ़ में पांच, रहली और सागर में पांच पांच और शाहगढ़ विकासखंड में 4 संकुल स्तरीय फेडरेशन गठित किए गए। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हर्षिका शहर के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में दो निर्धारित तिथियां में इन संगठनों की बैठक आयोजित की जा रही है इसी तारतम्य में 28 अप्रैल को जिले की सभी संकुल स्तरीय फेडरेशन की बैठक की गईं। जिनमें मिशन का जिला स्तरीय और खंड स्तरीय अमला अपनी प्रतिभागिता दे रहा है। बैठक में मुख्य एजेंडा के रूप में ऐसे परिवार जो समूह से जोड़े जाने थे किसी वजह से छूटे हैं उन्हें समूह से जोड़ा जाना आदि हैं।

### सागर सांसद के प्रयास रंग लाए, क्षेत्रवासियों में खुशी की छाई लहर

# एक हफ्ते में ही उत्तर और दक्षिण जाने के लिए मिल गई सीधी ट्रेन

**सिरांज।** सागर सिरोंज संसदीय सांसद डॉ. लता गुड्डु वानखेडे के प्रयासो से एक हफ्ते के भीतर सागर लोकसभा क्षेत्र के यात्रियों को दक्षिण और उत्तर भारत आने-जाने के लिए सीधी ट्रेन मिल गई है। जिसके मिलने से वर्षों से चली आ रही क्षेत्र वासियों की मांग को काफी हद तक सफलता मिली है। इस सफलता के पीछे सागर सांसद के लगातार प्रयास, लोकसभा क्षेत्र से लगे हुए क्षेत्रों के सांसदों से बेहतर समन्वय और क्षेत्रवासियों की मांग को प्रभावी तरीके से रेलमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रभावी ढंग से मांग का प्रस्तुतिकरण का परिणाम है कि 24 अप्रैल को रीवा से चर्लपल्ली हैदराबाद के लिए साप्ताहिक ट्रेन चालू हुई ही थी कि अब 01 मई को दुर्ग से चलकर लाल कुआं नैनीताल तक पुनः एक साप्ताहिक ट्रेन प्रारंभ हो रही है, जिससे अब क्षेत्रवासियों को सीधी दक्षिण भारत और उत्तर भारत आने-जाने के लिए सीधी रेल सुविधा मिल गई है।

सागर लोकसभा क्षेत्र के यात्रियों के लिए सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े की मेहनत रंग लाई और सागर डिविजनल मुख्यालय और छत्तीसगढ़ से और नॉर्थ इंडिया के लिए सबसे छोटा मार्ग वाया दमोह-सागर से जाता है, रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन के साथ हुई बैठक में सांसद वानखेडे द्वारा मंत्री के समक्ष सभी पहलू पर विस्तार से प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान सांसद के साथ विनोद चौकसे, अक्षत चौकसे भी उनके साथ थे।

इस प्रस्तुतीकरण के परिणाम स्वरूप दुर्ग से लालकुआं (नैनीताल) के लिए नई विशेष ट्रेन 1 मई 2025 को शुरू होने जा रही है। जो प्रत्येक गुरुवार से अपनी सेवाएं शुरू करेगी, जो सागर क्षेत्रवासियों के लिए के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। यह ट्रेन सागर स्टेशन से रात 10:45 बजे प्रस्थान करेगी, जो यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक समय है। यह ट्रेन अगले दिन सुबह 8 बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी और शाम 6 बजे लालकुआं जो नैनीताल के पास स्थित है पहुंचेगी। यह समयसारणी सागर से दिल्ली, रुद्रपुर और नैनीताल जैसे प्रमुख शहरों तक यात्रा करने वालों के लिए आदर्श है।

#### इन शहरों के यात्रियों के लिए भी मिलेगी ट्रेन सुविधा



इस नई रेल सेवा से सागर के अलावा रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुरवारा, दमोह, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), आगरा कैंट, मथुरा, दिल्ली हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, रुद्रपुर सिटी और लालकुआं जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों से जुड़ सकेंगे। यह कनेक्टिविटी सागर को पर्यटन, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के नए अवसर प्रदान करेगी। इस ट्रेन में स्लीपर, जनरल और एसी कोच होंगे, जो यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त क्षमता प्रदान करेंगे। मई और जून में यह ट्रेन सप्ताह में चयनित दिनों पर चलेगी। सागर लोकसभा के लिए यह गर्व का विषय है, जो नई संभावनाओं और बेहतर कनेक्टिविटी का मार्ग प्रशस्त करेगा।

#### सांसद ने व्यक्त किया आभार

उत्तर और दक्षिण भारत के लिए सागर लोकसभा क्षेत्र से सीधी रेल सुविधा प्राप्त होने पर सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और विभाग के शीर्ष अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मंच पर बैठने की होड़ खत्म करने का आह्वान

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय की नसीहत का मैं शत प्रतिशत पालन करूंगाः सुभाष



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

संविधान बचाओ अभियान के तहत ग्वालियर में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक महत्वपूर्ण बयान दिया है, जिसमें उन्होंने मंच पर बैठने के लिए नेताओं द्वारा होड़ ना करने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि जो लोग भीड़ लेकर आते हैं उन्हें मंच पर स्थान मिले और उनका सम्मान हो, जबकि वे खुद मंच पर नहीं बैठेंगे। यह बयान निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी के लिए एक सार्थक और शाश्वत संदेश है। यदि सभी नेता उनके इस बयान का अनुसरण करते हैं, तो निश्चित रूप से कांग्रेस में नैतिकता आएगी और पार्टी मजबूती की राह पर निकलेगी।

कांग्रेस नेता सुभाष बोहत ने पूर्व मुख्यमंत्री के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वे उनके बयान पर गंभीरता से ध्यान देंगे और मंच पर बिना बुलाए नहीं जाएंगे। वही उन्होंने भोपाल में मंच गिरने की घटना का उल्लेख किया, जिसमें कई बड़े नेता घायल हुए थे। यह घटना मंच पर बगैर बुलाए घुसने के कारण ही घटित हुई थी।

उन्होने ने कहा कि वे पूर्व मुख्यमंत्री के बयान का शत प्रतिशत पालन करेंगे और जनता के बीच बैठकर कांग्रेस की रीति-नीतियों पर अमल करेंगे।



### अल्प प्रवास पर सागर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**सागर।** बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा अल्प प्रवास पर सागर पहुंचे जहां भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी सागर ग्रामीण अध्यक्ष रानी कुशवाहा नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के साथ पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।स्वागत उपरांत प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उपस्थित पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं से भेंट की, नव निर्वाचित अग्रवाल महासभा के पदाधिकारियों ने भी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से भेंट कर सम्मान किया।इस दौरान जिला अध्यक्ष द्वय ने प्रदेशअध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से चर्चा से चर्चा करते हुए संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं आगामी कार्यक्रमों हेतु मार्गदर्शन प्राप्त किया। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने भगवान प्राकट्योत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें फरसा भेंट किया।

## सागर और ललितपुर जैन समाज के लोगों पर दर्ज मामले झूठे आचार्य श्री के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालों ने रचाई साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर और ललितपुर के जैन समाज के प्रतिष्ठित 19 लोगो पर झूठी एफआईआर दर्ज की गई। इसमें कुछ लोग तो घटना दिनांक के वक्त दूसरे स्थानों पर थे। सकल दिगम्बर जैन समाज सागर का कहना है कि कोई बड़ा व्यक्ति साजिश रच रहा है। जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर जी महराज और समय सागर जी महराज के खिलाफ लगातार दुष्प्रचार और घटिया शब्दों में पत्र लिखे और भेजे गए। इन पत्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई हुई तो इसके आरोपी झूठे मामले दर्ज करा रहे है। यही नहीं दुष्प्रचार के आरोपियों का पिछले साल निर्यापक जैनमुनि श्री सुधा सागर जी महाराज केसानिध्य में हुए चातुर्मास कार्यक्रम में इनका सम्मान भी हुआ। इससे जैन समाज आहत है। समाज के लोगों को आशंका है कि उनको झूठे मामलों में फंसाया जा सकता है और उन पर हमला भी हो सकता है। आज सकल दिगम्बर जैन समाज और कथित झूठे आरोप में घिरे लोगों ने मीडिया के समक्ष पूरे विवादों पर चर्चा की। इसमें महेश बिलहरा, अनिल जैन नैनधरा, सुरेंद्र जैन मालथोन, ब्रहमचारिणी रेखा जैन एवं डॉ. नीलम जैन, मुकेश जैन ढाना, संजीव भैया, सुधीर जैन, समीर जैन मौजूद रहे।

#### क्या था मामला?

ललितपुर कोतवाली थाने में 6 मार्च को एक एफआईआर रिपोर्टकर्ता ललितपुर के वकील मुन्नालाल सठियाना की शिकायत पर कोर्ट के जरिए हुए थी। उन्होंने बीते साल जिला न्यायालय ललितपुर में इस्तगासा पेश किया था। जिसमें आवेदन पर सागर के 09 लोगों ललितपुर-जबलपुर के 11 लोगों सहित नामजद व 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करें। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से इनकी गिरफ्तारी पर स्टे मिला हुआ है। पत्रकारों से चर्चा में अनिल जैन नैनधरा ने बताया कि हम लोगों को मार्च के महीने में पता चला कि एफआईआर दर्ज हुई है। जबकि मामला पूरा झूठा और षड्यंत्र भरा है। पिछले कुछ साल पहले आचार्य श्री विद्यासागर जी महराज और अन्य संतों के खिलाफ डाक से सागर से पत्र भेजे जा रहे थे। जिससे सागर की समाज की लगातार बदनामी हो रही थी।



### अक्षय तृतीया पर हुआ बटुकों का उपनयन संस्कार

**सागर।** सुप्रसिद्ध व्याकरणाचार्य और दर्शनशास्त्री स्व.पं. गोविंद प्रसाद शास्त्री द्वारा झंडा चौक गोपालगंज में स्थापित ऋषिकुल लोकप्रिय दर्शन सिद्धांत विद्यालय में बटुकों का उपनयन संस्कार परंपरागत रूप से संपन्न हुआ। सनातन परंपरानुसार गुरुकुल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कर्मकांडी पंडित बनने के लिए अपनी शिक्षा दीक्षा के अंतर्गत उपनयन या यज्ञोपवीत संस्कार किया जाना अनिवार्य होता है। इसके पश्चात ही वे कर्मकांडी पंडित की श्रेणी में आने के पात्र होते हैं। विद्यालय के प्राचार्य पंडित श्रीराम शुक्ला द्वारा विधिवत धार्मिक अनुष्ठान कराए गए व बटुकों को गुरु मंत्र दिया गया। तत्पश्चात समस्त बटुकों ने गोपालगंज मोहल्ले में भवति भिक्षाम देहि उच्चारित करते हुए घर-घर जाकर भिक्षाटन किया। इसके पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र समरसता प्रमुख सुनील देव ने बटुकों से संवाद किया।

## साहू समाज सम्मेलन में सात जोड़े एक दूसरे को वरमाला पहनाकर विवाह बंधन में बंधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

साहू समाज धर्मशाला में लगातार 14 वर्षों से सामूहिक विवाह सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष सात जुड़े विवाह सूत्र में बंधे।

कार्यक्रम में साहू समाज के प्रदेश एवं जिला स्तरीय स्वजाति बंधुओ के द्वारा नव विवाहित वर और वधु को आशीर्वाद दिया। विवाह सम्मेलन में मोहनलाल साहू जिला अध्यक्ष, चरण लाल साहू नगर विदिशा अध्यक्ष भगवान दास साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गंजबासौदा नगर अध्यक्ष काशीराम साहू ग्यारसपुर अध्यक्ष बाबूलाल साहू, अभयराम साहू, बालाप्रसाद साहू, कमल सिंह साहू, प्रेम सिंह साहू, रमेश साहू, राम रतन साहू, अरविंद साहू ,प्रवेश साहू , जितेंद्र साहू प्रीतम साहू। सहित सम्मेलन में काफी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## कन्यादान योजना में 232 जोड़ों ने किया दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी के सीएम राइस स्कूल के प्रांगण में कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें हिन्दू मुस्लिम समाज के कुल 232 जोड़ों का विवाह संपन्न हुए।

मध्यप्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत लटेरी में 232 जोड़ों ने दांपत्य जीवन में प्रवेश किया। जिसमें लटेरी में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन नvगर परिषद एवं जनपद पंचायत लटेरी द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें सिरोंज लटेरी क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देश अनुसार भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी द्वारा वर वधु को सामग्री एवं चेक वितरित किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगुलाम राजोरिया विधायक प्रतिनिधि अतु भंडारी पदाधिकारी द्वारा वर वधू पर पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया गया। विधायक उमाकांत शर्मा ने नव दांम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर आशीर्वाद दिया गया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह बघेल ने अपने उद्बोधन में बताया की मध्य प्रदेश सरकार ने कन्यादान विवाह योजना चलाई है। जिसमें गरीब मजदूर किसान सभी की कन्याओं के लिए यह योजना वरदान सबूत हुई है। सभी को कन्यादान योजना लाभान्वित होना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सीमा कलावत, नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवचरण प्रजापति, जिला मंत्री भारत सिंह राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकवर बघेल, जनपद के सदस्य, नगर परिषद के पार्षद जनपद उदय प्रताप सिंह, एसडीएम विनीत तिवारी, नगर परिषद सीएमओ, एसडीओपी अजय मिश्रा एवं शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## पमारिया में निकाली गई परशुराम की शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन

भगवान परशुराम जयंती बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लाह उसके साथ मनाए गई। भगवान परशुरामजी के चित्र को रथ में विराजित कर ध्वज पताखों से सजाया गया। ढोल नगाड़ों एवं डीजे के साथ शोभा यात्रा पूरे नगर मे निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आस पास ग्राम के ग्रामीण जन विप्रजन उपस्थित रहे। शोभायात्रा के दौरान जय परशुराम की के जय घोष गुंजायमान रहे। जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ और समापन श्री राम जानकी मंदिर पर आरती के उपरांत प्रसादी वितरण की गई। परशुराम सेना के अध्यक्ष सुधीर दीक्षित द्वारा कार्यक्रम पधारे सभी महानुभाव के लिए सहभोज की व्यवस्था भी की गई। बाहर से पधारे सभी महानुभावों का अध्यक्ष दीक्षित ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार की ज्योति कलश यात्रा का समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एक अप्रैल से विदिशा जिले में भ्रमण कर रहे ज्योति कलश यात्रा का आज 30 अप्रैल को समापन हुआ।

ज्योति कलश यात्रा प्रथम चरण में जिले की आठ तहसीलों बासौदा, पठारी,त्योंदा, ग्यारसपुर. गुलाबगंज, और विदिशा ग्रामीण में पहुंची। इस यात्रा में परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य, वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा, अखंड दीपक एवं गायत्री परिवार के विषय में प्रकाश डाला गया।

विचार क्रांति अभियान के माध्यम से समाज में बढ रहे व्यसन, अत्याचार, अनाचार के प्रति समाज को जागरुक किया गया। इस यात्रा के दौरान लगभग डेढ़ सौ गांवों में यह ज्योति कलश यात्रा पहुंची। यात्रा में सुबह एक गांव में यज्ञ, दोपहर में दूसरे गांव में धर्मसभा एवं सायं दीपयज्ञ संपन्न हुआ। इसके अलावा रास्ते में पड़ने वाले गांवों में ज्योति कलश का पूजन आरती की गई।उक्त जानकारी देते हुये गायत्री परिवार के जिला समन्वयक मुकेश तिवारी ने बताया कि अगले चरण में जो संभवतः सितम्बर अक्टूबर में होगा उसमें शेष बची तहसीलें विदिशा शहर,नटेरन, शमशाबाद, लटेरी, सिरोंज एवं कुरवाई में यह ज्योति कलश यात्रा निकलेगी। ज्योति कलश यात्रा में विदिशा के वरिष्ठ परिजन थान सिंह जी कुशवाहा ने लगभग एक माह का समय दान दिया,इनके अलावा सुमन भदोरिया ने 25 दिन एवं वंदना श्रीवास्तव ने भी 15 दिन का समाधान करके ज्योति कलश यात्रा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



यात्रा के समापन अवसर पर ज्योति कलश यात्रा रायसेन जिले के गायत्री परिजनों डॉ. बीवी गुप्ता, सुरेश कुमार गुप्ता, नीलेश धाकड़, रणवीर सिंह धाकड़, भगवान सिंह किरार, राजकुमार पचौरी, प्रियंका अवस्थी, प्रखर अवस्थी को सौंपा गया। यह कलश यात्रा रायसेन जिले में 1 मई से 30 मई तक रायसेन जिले की देवरी, उदयपुरा,बरेली, बाड़ी, रायसेन तहसीलों में भ्रमण करेगी। विदिशा के वरिष्ठ परिजन लक्ष्मण सिंह मीणा इस रथ पर 18 दिन का समय दान करेंगे।

## गरीबों को राहत दे रही मुख्यमंत्री कन्यादान योजनाः विधायक मीणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद



मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत ग्राम पंचायत डंगरवाडा में 151 जोड़ो का सामूहिक विवाह-निकाह सम्मेलन हुआ। जिसमें 116 सर्वजातीय विवाह 35 निकाह हुए। कार्यक्रम में विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने नवविवाहित जोड़ों को खुश हाल दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों के लिए सहारा बनी है। इससे उन्हें शादी के खर्च में बड़ी राहत मिलती है। सम्मेलन में जोड़ों ने विवाह और निकाह किया। आयोजन में एस डी एम अजय प्रताप सिंह, जनपद सी ई ओ जितेन्द्र धाकरे,भाजपा नेता कमलेश मेहर,नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप महेश्वरी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी,मनोज साहू, राजेन्द्र जैन,जनपद उपाध्यक्ष नीलेश धाकड़,सरपंच मुकेश मेहर,पार्षद दीपक मेहर, दीपक यादव,सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। भीषण गर्मी के कारण दूल्हा दुल्हन को परिवार के लोग हवा करते रहे। गर्मी व भीड़ अधिक होने से लोग परेशान हुए।

खबर संक्षेप

## धर्मशाला का मंत्री सारंग ने किया लोकार्पण



**बरेली।** माँ नर्मदा के उत्तर तट स्थित एवं प्रसिद्ध ग्राम डूमर के निवासी उपाध्याय परिवार द्वारा विद्धवान पं. स्व. माधव प्रसाद उपाध्याय की स्मृति में नर्मदा परिक्रमावासियो के विश्राम एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए सुविधा युक्त धर्मशाला का निर्माण कराया गया। अक्षय तृतीया के पावन पर्व और अभिजीत मुर्हूत में प्रदेश के सहकारिता युवक कल्याण खेल मंत्री विश्वास सारंग द्वारा नव निर्मित धर्मशाला का लोकापर्ण किया। ग्राम डूमर मे धर्मशाला के लोकपर्ण समारोह की अध्यक्षता भाजपा के क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने की। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, कैलाश प्रसाद त्रिपाठी विशेष अतिथि, गोविन्द प्रसाद उपाध्याय इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उपाध्याय परिवार द्वारा नर्मदा परिक्रमावासियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था के लिए धर्मशाला का निर्माण कर पुण्य का सराहनीय कार्य किया गया है। कार्यक्रम में भाजपा नेता विनोद साहू, हेमन्त चौधरी बांस पिपरिया की विशेष उपस्थिति के साथ डूमर के अलावा अन्य ग्रामों से आए ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## अज्ञात कारणों के चलते व्यक्ति ने की आत्महत्या

**सलामतपुर।** ग्राम मोरी कोड़ी में 38 वर्षीय राजू लोधी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के समय घर के अन्य सदस्य खजूरी खेड़ा में एक शादी समारोह में गए हुए थे। पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सांची सिविल अस्पताल भेजा गया।

# भगवान परशुराम जी के प्रकटोत्सव पर जिलेभर में निकाली शोभायात्रा

## विप्र समाज ने विधिवत पूजा अर्चन कर मनाया अपने आराध्य का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

भगवान श्री हरि विष्णु के छटे अवतार श्री परशुराम जी का प्रकटोत्सव जिलेभर में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई तथा जगह जगह शोभायात्राएं निकाली गई। जिला मुख्यालय पर भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा शाम 4 बजे श्रीहनुमान मंदिर पाटनदेव से प्रारंभ हुई जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई महामाया चौक, रामलीला मैदान, मुखर्जी नगर से होती हुई संस्कार धाम परशुराम मंदिर पहुंची। जहां स्वस्थी वाचन के साथ भगवान परशुराम की पूजा अर्चन की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान परशुराम न केवल ब्राम्हाणों के इष्ट है बल्कि पूरी समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। हमें उनसे धर्म की रक्षा की प्रेरणा लेना चाहिए तथा उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। सर्व ब्राम्हाण महासभा के अध्यक्ष नरेशचंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि भगवान परशुराम ने धर्म की रक्षा के लिए अनेकों बार युद्ध किए। उन्होंने राष्ट्र सर्वोपरि माना, अधर्म का नाश कर देश की रक्षा की रक्षा की। वह शास्त्र के साथ साथ शस्त्र में भी निपुण थे, हमें उनके पथ चिंहों पर चलकर उनसे प्रेरणा लेना चाहिए। इस अवसर पर संघर्ष शर्मा, बृजेश चतुर्वेदी, संतोष शर्मा, रामेश्वर शर्मा, अरविंद शर्मा, गौरव शर्मा, विकास शर्मा, अभिषेक अग्निहोत्री सहित समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### बटुकों ने बढ़ाया मान


परशुराम जी की शोभायात्रा में बाड़ी संस्कृत विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों ने शोभायात्रा में पहुंचकर शोभायात्रा का मान बढ़ाया। सभी बटुक भारतीय संस्कृति की वेशभूषा में दिखाई दे रहे थे तथा स्वस्थी वाचन करते हुए कतारबद्ध चल रहे थे। वहीं छोटी-छोटी कन्याएं सिर पर पकड़ी बांधकर हाथ में तलवार लेकर धर्म की रक्षा का संदेश देती हुई चल रही थी।

◆ शोभायात्रा में 51 कन्याओं ने सिर पर पगड़ी बांधी और हाथ में तलवार लेकर दिखाया शौर्य



## जयंती पर निकाला भव्य चल समारोह

**सिलवानी।** श्री हरि विष्णु के अवतारी भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव नगर में बुधवार को श्रद्धा व भक्ति के साथ विप्र समाज के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर सुबह के समय नगर के कांठिया मंदिर परिसर में स्थित परशुराम मंदिर में समाजजनो के द्वारा पूजन, हवन किया। तथा देश दुनिया की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर में किए गए अनुष्ठान की



संपूर्ण प्रक्रिया पंडित महेंद्र दुवे तथा संजय शास्त्री के द्वारा संपन्न कराई गई।

परशुराम जयंती के अवसर पर शाम के समय नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में विप्र बंधु शामिल हुए। गाजे बाजे, डीजे के साथ निकाले गए चल समारोह में शामिल किए गए विशेष रथ में भगवान परशुराम की मूर्ति को रखा गया था। चल समारोह के रास्ते भर श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान परशुराम की मूर्ति की आरती उतारी जाकर नमन किया गया। इसके अतिरिक्त चल समारोह में भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी भी सजाई गई। साथ ही गाडरवारा से आई भगवान राधा-कृष्ण का भेष रखे झांकी भी एक ट्राला पर सजाई गई शामिल भेष धारी आकर्षक भाव भंगिनाओं के साथ नृत्य कर रहे थे, जिसे कि उपस्थितो के द्वारा सराहा गया। बजरंग चौराहा से प्रारंभ हुआ चल समारोह कांठिया मंदिर परिसर पहुंच कर समाप्त हो गया। यहां पर आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। चल समारोही में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें। चल समारोह का अनेको स्थानो पर भव्य स्वागत किया गया।



## नगर में भगवान श्री परशुराम की निकाली शोभायात्रा, हुआ स्वागत

**बाड़ी।** बुधवार को नगर में भगवान परशुराम का जन्म महोत्सव विप्र समाज ने उत्साह से मनाया भगवान परशुराम के आदर्श गाथाओं की संगोष्ठी में उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया भगवान परशुराम योद्धा थे। भगवान परशुराम के आदर्श को ग्रहण करने से हम एक अच्छे सच्चे इंसान के रूप में जीवन धारण कर सकते हैं। भगवान परशुराम सच्चे योद्धा थे न्याय की पुजारी थे आज्ञाकारी थे शास्त्रों में भगवान परशुराम जी के आदर्श चरित्र का वर्णन किया गया है जिसे हमें आज ग्रहण करने की जरूरत है सुबह 7:30 बजे दुर्गा चौक नया बस स्टैंड बाड़ी पर नगर एवं क्षेत्र के विप्रबंधु ब्राह्मण वेशभुषा नजर आए।

भगवान परशुराम की आरती उपरांत जय परशुराम के नारों के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई जिसमें भगवान परशुराम की मनमोहक प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बिंदु रही शोभा यात्रा नया बस स्टैंड से होती हुई मंगलवार बाजार चिंतामन होती हुई समापन स्थल पहुंची यहां पर विप्र समाज की बंधुओ ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए महाप्रसाद का वितरण किया गया। भगवान परशुराम की अनेकों प्रतिमाओं की प्रस्तुति दी।



## अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर हुआ कार्यक्रम

**बरेली।** अक्षय तृतीया पर युवा ब्राम्हण महापरिषद और परशुराम सेना द्वारा रामलीला मैदान में भगवान परशुराम जी के प्रगटोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र से आए ब्राम्हणों, युवाओं की उपस्थिति रही।

भगवान परशुराम जी के प्रगटोत्सव पर वैदिक मंत्रो, विधि विधान से पं. द्वारका प्रसाद द्वारा अभिषेक और पूजन कराया गया। भगवान परशुराम जी की महाआरती के साथ सभी के बीच प्रसादी वितरण की गई। कार्यक्रम में गिरीश पालीवाल, राधेश्याम पालीवाल, राजीव पालीवाल, कमलकिशोर शर्मा, रामकुमार उपाध्याय, हिमकर उपाध्याय, रवि दुबे, ओमप्रकाश चतुर्वेदी, रेवा शंकर शर्मा, अमरीश व्यास, हिउस के अध्यक्ष दिनेश बवेले, नीलेश शर्मा सहित भारी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

### शोभायात्रा कल

*भगवान परशुराम जी के प्रगटोत्सव के उपलक्ष्य में युवा ब्राम्हण महापरिषद द्वारा 2 मई शुक्रवार को नगर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसकी व्यापक तैयारियां चल रही है। घर-घर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पहुंच कर संपर्क और आमंत्रण दिया जा रहा ह। शोभायात्रा निकाले जाने के साथ रामलीला मैदान में धर्मसभा का भी आयोजन होगा। जिसमें साधु संतो, महंतो की उपस्थिति रहेगी। सभी से अधिकाधिक संख्या में 2 मई के कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।*

## अक्षय तृतीया पर गुड्डा व गुड़िया सहित अन्य सामानों की खूब हुई बिक्री

**दीवानगंज।** बुधवार को दीवानगंज क्षेत्र में अक्षय तृतीया का पर्व मनाया गया।। ऐसे में बाजार में गुड्डा, गुड़िया सहित उनके विवाह व रस्मों में उपयोग की जाने वाली सामग्री की बिक्री खूब हुई। वहीं साल भर में सबसे ज्यादा विवाह इसी दिन होते हैं। अक्षय तृतीया के दिन को शुभ माना जाता है। ऐसे में इस दिन मुहूर्त हो या न हो लेकिन सबसे ज्यादा शादी इसी दिन होती है। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहर में भी बड़ी संख्या में विवाह हुए। इसके चलते दीवानगंज अंबाडी में रस्मों-रिवाज से होने वाली शादियों में रेडिमेड बांस से बने सूपा, पर्स, टोकनी, तोरण, कटार, रंग-बिरंगी पंखे, सितारों से बने मोर-मुकुट के अलावा पूजन सामग्री और दूल्हा-दुल्हन के लिए कपड़े का कारोबार खूब हुआ। अक्षय तृतीया को लेकर सराफा, बर्तन और रेडीमेड कपड़ों की बिक्री में 30 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने पहुंचे। अक्षय तृतीया में ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहर में बड़ी संख्या में शादियां हुई।

# पानी नहीं मिलने से परेशान रहवासी पहुंचे नगर पालिका सीएमओ के खिलाफ की नारेबाजी, मिला सिर्फ आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

बीते पांच दिन से शहर के वार्ड 11 और 12 में पानी नहीं पहुंचा, जिससे परेशान वार्ड वासियों ने नगर पालिका पहुंचकर जमकर हंगामा किया। सीएमओ के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए और एक बार फिर आश्वासन लेकर वापस चले गए।

नपा उपाध्यक्ष तथा वार्ड 12 की पार्षद मीना राजावत के पति दीपेंद्र राजावत भी लोगों के साथ नपा पहुंचे। उन्होंने तल्ख लहजे में नपा पर तीखे आरोप लगाते हुए जिम्मेदारों को लापरवाह करार दिया। उक्त वार्डों में पांच दिन से पानी नहीं पहुंचने पर लोगों ने सोशल मीडिया पर भी जमकर भड़ास निकाली। बार-बार बंद हो रहा स्टार्टरबताया जाता है कि




तापमान बढ़ने के कारण हलाली की मोटर का स्टार्टर गर्म होकर बंद हो रहा है। मंगलवार रात भी ऐसा ही हुआ 11 बजे स्टार्टर बंद होने से हलाली से पानी आना रुक गया, जिससे शहर की टंकियां नहीं भर सकीं। जबकि सोमवार को मोटर के पाइप में लगी फुटबॉल की सफाई की गई थी, जिससे पानी नहीं आया था। इन रुकावटों के चलते शहर में पर्याप्त पानी नहीं आ पाया और शहर में सप्लाई बाधित हुई।

### एक दिन छोड़कर आ रहे नल

बीते सप्ताह जब शहर में पानी की दिक्कत हुई थी, तब नपा ने वार्डों में एक दिन छोडकर पानी देने का निर्णय लिया था। ऐसे में यदि किसी वार्ड के टर्न के दिन किसी वजह से सप्लाई रुकती है तो उस वार्ड में फिर सप्लाई का अंतराल एक से तीन दिन का हो जाता है। जबकि इस भीषण गर्मी के साथ विवाह सीजन होने से लोगों को ज्यादा पानी की जरूरत है। पूर्ति नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। दरअसल नगर पालिका एक दिन के अंतराल से भी लाइनों में पानी सप्लाई नहीं कर पा रही है। कहीं तो नियमित पानी पहुंच रहा है, कहीं चार से पांच दिन का गेप हो रहा है। जो लोगों की परेशानी के साथ नाराजगी बढ़ा रहा है।

# नगर की बैंकों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस लगातार कर रही है निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सलामतपुर

थाना पुलिस निरंतर कस्बे के बैंकों का निरीक्षण कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के दिशा निर्देशन में प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव ने भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच सलामतपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। और सुरक्षा और व्यवस्थाओं के बारे में बैंक अफसरों से चर्चा की। वहीं खाताधारकों को भी समझाइश दी।

इस समय सभी बैंकों में किसानों की भीड़ होने की वजह से पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से सतर्कता बरतनी



शुरू कर दी है। कोई घटना घटे इससे पहले ही पुलिस ने बैंकों पर सतत निगरानी रखना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि रायसेन पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे के निर्देश पर जिले भर में सभी बैंकों एवं वित्तीय प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं संचालकों को निर्देश देने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे हमेशा चालू रखने की हिदायत दे रहे हैं।

# नप के प्रयास लाए रंग, लोगों को जलसंकट से मिली राहत



◆ पेयजल समस्या अब होगी खत्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सांची

नगर में गर्मियों के महीनों में हर वर्ष जल संकट उभर के आता है, जिससे आम पब्लिक में पानी की त्राही त्राही मच जाती है। नगर परिषद पानी के टैंकरों से सप्लाई करके पूर्ति करती, मगर लोगों की प्यास नहीं बुझा पाती है। इन ही सभी परिस्थितियों को देखते हुए नगर परिषद द्वारा कई बार पानी के स्त्रोत के लिए वोर करवाए गए, परंतु निराशा ही हाथ लगी।

इस बार नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम द्वारा और भी प्रयास किए गए, जिसमें वह कामयाब हुए और दो बोर सफल रहे जिसमें एक बोर 350 फिट और दूसरा बौर 600 फीट के आसपास हुए यह बौर सांची का जल संकट दूर करने के लिए पर्याप्त है। अब जल्दी ही सांची में पानी की समस्या खत्म होने की कगार पर है।

### चालू करा देंगे

हम जल्दी ही पानी की स्थिति पर सुधार ला रहे हैं हमारी एमडी साहब से बात हो गई है जल्दी ही ट्रांसफार्मर लगवा कर पानी की सप्लाई चालू कर देंगे।

- **पप्पू रेवाराम,** अध्यक्ष नगर परिषद सांची।

### राहत मिल जाएगी

हमने बोर में मोटर डाल दी है आज प्रेक्टिकल करके देख रहे है कल से लोगों को पानी के संकट से राहत मिल जाएगी।

- **महिपत शर्मा,** पीएचई विभाग मैनेजमेंट अधिकारी सांची

विधायक डॉ चौधरी ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत चेक प्रदान किए

# अबूझ मुहूर्त में विवाह बंधन में बंधे 400 से अधिक जोड़े



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिले के 4 स्थानों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें 419 जोड़ों का विवाह हुआ। सबसे बड़ा आयोजन सांची जनपद के ग्राम बीदपुरा में हुआ, जहां 64 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जिनमें 24 निकाह भी शामिल रहे।

बीदपुरा में आयोजित कार्यक्रम में पारंपरिक विधि-विधान से शादी की रस्में निभाई गईं। पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ सात फेरों की प्रक्रिया संपन्न कराई, वहीं मुस्लिम जोड़ों ने काजी की मौजूदगी में निकाह पढ़वाया।

कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और सरकार की इस जनहितकारी योजना की सराहना की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जोड़े को 51000 की सहायता राशि योजना के तहत दी जाती है, जिसमें से 49,000 का चेक मौके पर वितरित किया। विधायक ने मंच से पांच जोड़ों को प्रतीक स्वरूप चेक सौंपे।

### बाल विवाह को रोकने के लिए निगरानी की गई

जिले में बाल विवाह रोकने के लिए भी प्रशासन सतर्क रहा। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सभी आयोजन स्थलों पर निगरानी रखी और विशेष दल तैनात किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अंजू भदौरिया, जनपद सदस्य, सरपंच, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और अधिकारी मौजूद रहे।

## विवाह सम्मेलन में 170 नवयुगल बने जीवनसाथी

**सिलवानी।** नगर में बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह-निकाह सम्मेलन का स्टेट हाइवे 44 पर स्थित एक निजी भूमि पर नगर परिषद के द्वारा किया गया। सम्मेलन की व्यवस्थित सफलता को लेकर नप के द्वारा बीते एक सप्ताह से तैयारियां की जा रही थी। नप कर्मचारियों की कार्यानुसार जिम्मेदारी तय की गई थी।

कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए भव्य पंडाल में परिणय के लिए उपस्थित हुए 100 जोड़ो का विवाह वैदिक पद्धति से संपन्न हुआ। यहां पर



नगर खेरापति पंडित भूपेंद्र शास्त्री के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विवाह की संपूर्ण क्रियाए संपन्न कराई गई। नव युगल ने अग्नि के 7 फैरे लेकर कसमे-वादे कर सफल दांपत्य जीवन का आगाज किया। कार्यक्रम में वर व वधु पक्ष की तरफ से शामिल हुए लोगों ने विवाह अनुष्ठान पूर्ण कराने में अपना सहयोग दिया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह-निकाह सम्मेलन में 70 जोड़ो का निकाह इस्लामिक पद्वति से काजी मुफ्ती नसीम खान व काजी नवाब उददीन के द्वारा संपन्न कराया गया। निकाह प्रक्रिया में सभी 70 जोड़ो ने सामूहिक रुप में कबूल, कबूल, कबूल बोल कर नव जीवन का आरंभ किया।

## मां नर्मदा को साक्षी मानकर परिणय सूत्र में बंधे 14 जोड़े, दिया आशीर्वाद

**बरेली।** तहसील के माँ नर्मदा मैया के उत्तर तट स्थित ग्राम सतरावन में अक्षय तृतीया के



पावन पर्व पर 14 जोडो का सर्व जातिय सामुहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न हुआ। माँ नर्मदा की परिक्रमा और साधना सेवा कर रही माँ ज्योति रघुवंशी, ग्रापं. ग्रामीणो के सक्रिय सहयोग से सर्व जातिय कन्याओं के सामुहिक विवाह कार्यक्रम में नर्मदा भक्तों, ग्रामीणो की भारी उपस्थिति रही।

असहनीय धूप और गर्मी के माहौल में माँ नर्मदा की गोद में सर्व जातिय कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की सभी तैयारियां ग्रामीणों एवं माँ ज्योति रघुवंशी जी के सहयोग से की गई थी। आयोजन समिति ग्रामीणों की ओर से सभी 14 जोडो को को यथायोग्य उपहार सामग्री भी प्रदान की गई।

## नरखेड़ा गांव में कराया मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह

**दीवानगंज।** ग्राम पंचायत नरखेड़ा के खेड़ापति हनुमान मंदिर पर अक्षय तृतीय पर मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना के अंतर्गत विवाह संपन्न कराया गया। जिसमें लड़की ऊषा मेहरा (विधवा) निवासी ग्राम कान्हा खेड़ा सांची और लालसिंह प्रजापति (तलाकशुदा) निवासी ग्राम पंचायत नरखेडा से है। दोनों के विवाह पर दोनों के परिजन सहित ग्राम पंचायत नर खेड़ा के सरपंच रामदयाल लोधी सहित गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना के तहत, मप्र सरकार विधवाओं (कल्याणी) को आर्थिक सहायता प्रदान करती है जब वे पुनर्विवाह करती हैं तो योजना के माध्यम से, विधवाओं को पुनर्विवाह करने के लिए 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जो उनके बैंक खाते में जमा की जाती है। जिससे दोनों का सुखमय में जीवन व्यतीत हो सके।